## संपादकीय

# तनख्वाह का दिन

केंद्र सरकार फॉर्मल सेक्टर में काम करने वाले वर्कर्स के लिए 'वन नेशन, वन पे डे' लागू करने पर विचार कर रही है। इस व्यवस्था के लागू होने से हर सेक्टर में काम कर रहे कर्मचारियों और मजदूरों को एक दिन ही सैलरी मिला करेगी। श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने शुक्रवार को सेंट्रल असोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्यॉरिटी इंडस्ट्री द्वारा आयोजित 'सिक्यॉरिटी लीडरशिप समिट-2019' को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद चाहते हैं इससे संबंधित कानून जल्द से तैयार होकर पास हो जाए। देश भर में एक दिन वेतन दिए जाने से नौकरीशुदा तबके को काफी राहत मिलेगी।

अभी कई क्षेत्रों में वेतन भुगतान को लेकर अनिश्चितता रहती है। इससे वर्कर्स को कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ती है। वे अपने रोजमर्रा के खर्च के बारे में कई फैसले लेने से हिचकते हैं। यह आर्थिक असुरक्षा उनके कामकाज पर असर डालती है। कुछ कंपनियों के वर्कर्स में इस बात को लेकर असंतोष रहता है कि उनके यहां समय पर वेतन नहीं मिलता, जबकि कई जगहों पर सही समय पर सैलरी मिल जाती है। इसका भी काम पर असर पड़ता है। जब वेतन का दिन निर्धारित हो जाएगा तो वर्कर के भीतर एक तरह की सुरक्षा रहेगी। वेतन को लेकर अनिश्चितता समाप्त हो जाएगी। वह अपने खर्च को लेकर तात्कालिक ही नहीं, दूरगामी योजना भी बना सकता है। वह बचत या निवेश के बारे में भी सोच सकता है।

जब इस बारे में कानून बन जाएगा तो कंपनियां भी सैलरी देने में कोताही नहीं कर पाएंगी। कंपनी प्रबंधन पर इसका एक दबाव बना रहेगा। निश्चय ही यह एक महत्वपूर्ण पहलकदमी होगी। इस कानून को जल्द से जल्द लाने की जरूरत है। एक लोककल्याणकारी राज्य में जरूरी है कि वेतन में बहुत ज्यादा असमानता न हो। हर मजदूर को इतना वेतन जरूर मिले कि वह एक सम्मानजनक जीवन जी सके। इसके अलावा उसे तमाम बुनियादी सुविधाएं भी मिलनी चाहिए। मोदी सरकार इसे लेकर सचेत है। संतोष गंगवार के अनुसार सरकार यूनिफॉर्म मिनिमम वेज प्रोग्राम को लागू करने की दिशा में भी काम कर रही है, ताकि मजदूरों की जिंदगी में सुधार हो सके।

इसके लिए सरकार व्यावसायिक सुरक्षा, हेल्थ ऐंड वर्किंग कंडीशन कोड, कोड ऑन वेजेज को लागू करने की भी तैयारी में है। संसद से कोड ऑन वेजेज को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और अब इसके नियमों पर काम चल रहा है। हेल्थ ऐंड वर्किंग कंडीशन कोड को लोकसभा में इसी साल जुलाई में पेश किया गया था। यह कोड 13 श्रम कानूनों को मिलाकर तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा इसमें कई और प्रावधान भी जोड़े गए हैं। मसलन हर कर्मचारी को अपॉइंटमेंट लेटर, सालाना फ्री मेडिकल चेकअप जैसे सुविधाएं देने की बातें इसमें शामिल की गई हैं। इन सुधारों से देश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में व्यापक बदलाव आएगा।

# आम लोग भी कर सकेंगे लग्जरी ट्रेनों में सफर भारतीय रेलवे उठाने जा रही ये बड़ा कदम





**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे ने देश में पर्यटकों के लिए चलने वाली लग्ज़री ट्रेनों के किराये घटाने और आम मध्यम वर्गीय सैलानियों के लिए किफायती बनाने के निर्देश दिए हैं। रेल राज्य मंत्री सुरेश सी अंगड़ी ने यहां रेल भवन में कर्नाटक राज्य पर्यटन निगम (केएसआरटीसी) द्वारा 11 वर्ष पहले शुरू की गयी ऐसी ही एक लग्ज़री ट्रेन गोल्डन चैरियट के विपणन, प्रचार एवं परिचालन के लिए केएसआरटीसी एवं भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने के अवसर पर यह निर्देश दिया।

अंगड़ी ने कहा कि गोल्डन चैरियट एवं अन्य लग्ज़री ट्रेनों को ना केवल विदेशी बल्कि भारत के आम लोगों के लिए किफायती बनाया जाना चाहिए। रेलवे ने पहले ही ऐसी ट्रेनों के हॉलेज शुल्क घटा दिये हैं जिससे किराये में कमी आई है। कुछ सेवाओं में भी लागत घटाकर किराये को आम आदमी के लिए मुफीद बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को लालकिले से भारतीय पर्यटकों को सलाह दी थी कि वे कम से कम भारत के 15 दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करें। इसके लिए ये ट्रेनें उपयुक्त सेवाएं सुलभ करा सकतीं हैं।

इस मौके पर मौजूद कर्नाटक के पर्यटन मंत्री सी टी रवि ने कहा कि इस ट्रेन के माध्यम से कर्नाटक की खूबसूरती को दुनिया देख सकेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हम्पी, हेलबिड, पट्टडाकल जैसे प्राचीन धरोहर स्थल हैं, 17 हिल स्टेशन हैं, पश्चिमी घाट की खूबसूरत वादियां हैं और वन्य अभयारण्य हैं। यह ट्रेन दक्षिण भारत की एक मात्र लग्ज़री ट्रेन है और इस ट्रेन के माध्यम से ना केवल कर्नाटक, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और केरल के स्थलों को कवर किया जाएगा।

# सोना 328 रुपये, चांदी का भाव 748 रुपये चढ़ा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक बाजारों के संकेत से स्थानीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 328 रुपये बढ़कर 39,028 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्युरिटीज ने यह जानकारी दी।इससे पिछले कारोबारी सत्र में कीमती धातु का दाम 38,700 रुपये प्रति दस ग्राम रहा था। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''मंगलवार को दिल्ली में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव 328 रुपये बढ़ गया। वैश्विक बाजारों की तेजी से इसमें मजबूती रही।''सोने के साथ ही चांदी के दाम में भी 748 रुपये प्रति किलो की वृद्धि दर्ज की गई। चांदी मंगलवार को 748 रुपये बढ़कर 45,873 रुपये किलो हो गई। इससे पिछले दिन यह 45,125 रुपये किलो पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना मामूली नरम रहकर 1,470 डालर प्रति औंस और चांदी मजबूती के साथ 17.10 डालर प्रति औंस पर बोली गई।

# पेट्रोल के दाम में छठे दिन वृद्धि जारी, डीजल भी हुआ महंगा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में महंगाई से राहत मिलने की कोई गुंजाइश नहीं दिख रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पिछले दिनों कच्चे तेल के दाम में हुई वृद्धि के कारण लगातार छठे दिन मंगलवार को पेट्रोल के दाम में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रहा। लगातार छह दिनों की स्थिरता के बाद डीजल की कीमत भी बढ़ गई है। पेट्रोल दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में फिर 15 पैसे जबकि चेन्नई में 16 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है और चारों महानगरों में डीजल के दाम में पांच पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। इससे पहले तेल विपणन कंपनियों ने लगातार छह दिनों तक डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया था।

# टैरिफ महंगा करने के एलान के बाद वोडाफोन आइडिया व एयरटेल के शेयर में उछाल




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** हफ्ते के दूसरे दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार हरे निशान के साथ खुला है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 104.22 अंक यानी 0.26 फीसदी की बढ़त के बाद 40,388.41 के स्तर पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 29.45 अंक यानी 0.25 फीसदी की बढ़त के बाद 11,913.95 के स्तर पर खुला। मंगलवार को वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल के शेयर में उछाल देखने को मिला। दिग्गज शेयरों की बात करें, तो मंगलवार को भारती एयरटेल, इंफ्राटेल, ग्रासिम, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, नेस्ले इंडिया, रिलायंस, यस बैंक और इंफोसिस के शेयर हरे निशान पर खुले। वहीं गिरावट वाले दिग्गज शेयरों की बात करें, तो इनमें गेल, जी लिमिटेड, यूपीएल, वेदांता लिमिटेड, टीसीएस, हिंदुस्तान युनिलीवर, टीसीएस, बजाज ऑटो, कोल इंडिया और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर शामिल हैं। सोमवार को वोडाफोन आइडिया व एयरटेल ने टैरिफ में वृद्धि का एलान किया था। एयरटेल ने अपने एक बयान में कहा था कि एक दिसंबर से उसके भी टैरिफ प्लान महंगे होंगे।

# त्योहारी मांग से यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में 11 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** त्योहारी मांग से यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर महीने में 11 प्रतिशत बढ़कर 2,48,036 इकाई रही। अक्टूबर 2018 में यह आंकड़ा 2,23,498 वाहन था। वाहन विक्रेताओं के संघ एफएडीए ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के अनुसार , दोपहिया वाहनों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 13,34,941 इकाई रही। एक साल पहले के इसी महीने में 12,70,261 दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई थी। हालांकि, अक्टूबर 2019 में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 23 प्रतिशत गिरकर 67,060 इकाई रह गयी। एक साल पहले अक्टूबर में 87,618 वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री हुई थी। इस दौरान, तिपहिया वाहनों की बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर 59,573 इकाई रही। सभी श्रेणी के वाहनों की कुल बिक्री अक्टूबर 2019 में चार प्रतिशत बढ़कर 17,09,610 इकाई रही, जो अक्टूबर 2018 में 16,38,832 इकाई थी।

# तानाजीः काजोल के फर्स्ट लुक का पोस्टर रिलीज, मराठी गेटअप में आ रहीं नजर




ऐक्टर अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म तानाजीः द अनसंग वॉरियर से एक और नया अपडेट सामने आया है। अब सोशल मीडिया पर फिल्म में काजोल के लुक का पहला पोस्टर रिलीज किया गया है। इस फिल्म में काजोल तानाजी की पत्नी सावित्रीबाई मालुसरे का किरदार निभाएंगी। फिल्म में अजय देवगन तानाजी का किरदार निभाएंगे। बता दें कि फिल्म का ट्रेलर मंगलवार यानी 19 नवंबर को रिलीज होगा।

अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में काजोल मराठी गेटअप में नजर आ रही हैं। इसके अलावा पोस्टर में अजय देवगन के किरदार तानाजी को दिखाया गया है, वह मराठा झंडा पकड़े हुए खड़े हैं। तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा, सावित्रीबाई मालुसरे- तानजी के साहस का सहारा... और उनके बल की शक्ति।

बता दें कि इससे पहले अजय देवगन ने फिल्म से जुड़ी एक क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर की थी। इस क्लिप में बारिश में दो लोग हाथ पकड़े हुए एक चूड़े को पास करते नजर आ रहे हैं। अजय देवगन ने क्लिप के लिए लिखा, रिश्तों का फर्ज या मिट्टी का कर्ज। अब तक फिल्म के जो स्टनिंग विजुअल्स सामने आए हैं, उसे देखकर यह कहा जा रहा है कि तानाजी 2020 की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है।

# थलाइवी के लिए तमिल सीखना कंगना रनौत को लग रहा है कठिन



ऐक्ट्रेस कंगना रनौत अब अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में जुटी हुई हैं। यह फिल्म तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की बायॉपिक है। फिल्म का नाम थलाइवी रखा गया है और यह तमिल के अलावा कई भाषाओं में रिलीज की जाएगी। फिल्म के लिए क्लासिकल डांस सीखने, प्रोस्थेटिक मेकअप के अलावा कंगना को तमिल भाषा भी सीखनी पड़ रही है। हालांकि यह काम उन्हें सबसे ज्यादा कठिन लग रहा है।

फिल्म की स्क्रिप्ट के मुताबिक, कंगना के लिए तमिल सीखना जरूरी है। उन्होंने कहा, तमिल सीखना मुझे काफी कठिन लग रहा है। यह फिल्म हिंदी और तमिल दोनों में रिलीज होगी तो जाहिर तौर पर मुझे तमिल के बारे में कुछ सीखना ही होगा। मुझे डायलॉग बोलने ही होंगे और तमिल आसान भाषा नहीं है। इससे पहले मैं तमिल भाषा को पूरी तरह सीखना चाहती थी जैसे मैंने इंग्लिश सीखी है लेकिन अब मैं फिल्म की स्क्रिप्ट की डिमांड के हिसाब से ही तमिल सीख रही हूं।

# पसंदीदा काम करने का एहसास बेहतरीन : दीया



अभिनेत्री दीया मिर्जा फिलहाल अपने एक्टिंग करियर में सक्रिय नहीं हैं और इस दरम्यान वह सामाजिक कार्यों को अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त दे रही हैं। दीया का कहना है कि एक इंसान के तौर पर उस काम को कर पाने का एहसास काफी बेहतरीन है, जिसे आप पसंद करते हैं और जिसे करने में आपको मजा आता है।दीया ने काफिर नामक वेब सीरीज के साथ डिजिटल मनोरंजन की दुनिया में कदम रखा है, जिसमें उनके साथ मोहित रैना भी हैं। दीया संयुक्त राष्ट्र और सेव द चिल्ड्रेन फाउंडेशन के साथ जुड़ी हुई हैं। दीया एक्सीड केयर्स (सुविधाओं से वंचित बच्चों के लिए एक सामाजिक पहल) के लॉन्च पर मीडिया से बातचीत में दीया ने कहा, यह साल मेरे लिए काफी दिलचस्प रहा। मेरी आखिरी परियोजना काफिर काफी खास थी।

# जानें अमरूद हलवा बनाने की रेसिपी



**सामग्री :**

पका अमरूद- 4-5, चीनी- 1 कप, घी- आधा कप, काजू- 1 टेबलस्पून (बारीक कटा), बादाम- 1 टेबलस्पून (बारीक कटा), खोया- 250 ग्राम, इलायची पाउडर- 1/2 टीस्पून, फूड कलर- 1/2 टीस्पून

**विधि :**

अमरूद के बीज हटाकर बड़े-बड़े टुकड़े काट लें। फिर कुकर में अमरूद, आधा कप पानी और फूड कलर डालकर एक सीटी आने तक पका लें।

अमरूद को थोड़ा ठंडा होने दें। फिर इसे मिक्सर में डालकर पेस्ट बना लें।

एक पैन में 2-3 टीस्पून घी गर्म करें। फिर इसमें बादाम और काजू डालकर हल्का सा भून लें। इसके बाद इसमें अमरूद का पेस्ट डालकर 3-4 मिनट चलाते हुए भून लें। अब इसमें चीनी डालकर अच्छे से घुलने तक लगातार चलाते रहें।

फिर इसमें खोया और इलायची पाउडर डालकर मिक्स करें और 4 मिनट तक चलाते हुए पका लें। हलवे को ऊपर से बारीक कटे बादाम और काजू से गार्निश करके सर्व करें।




# शब्द सामर्थ्य- 49

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 48 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | रं |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

# सू-दोकू- 49

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.48 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज मन की एकाग्रता में कमी आ सकती है। वाद-विवाद से बचें, क्रोध पर नियंत्रण रखें। धन निवेश अथवा स्थिर संपत्ति के बारे में विचार-विमर्श अवश्य करें।

वृषभः- व्यावहारिक कार्यों को निपटाने के लिए आज का दिन शुभ है। पराक्रम में वृद्धि देखने को मिलेगी। नए मित्र भी बनेंगे, जिनकी मित्रता दीर्घकाल तक स्थायी रहेगी।

मिथुनः- व्यापारियों को व्यापार में वृद्धि होने के साथ-साथ सफलता और धन भी प्राप्त होगा। उच्च अधिकारियों की शुभ दृष्टि से कार्य सफलता और लाभ मिलेगा। सभी का सहयोग मिलेगा। विरोधी परास्त होंगे और यात्रा लाभकारी रहेगी।

कर्कः- दिन का आरंभ मानसिक सबलता एवं शांतिपूर्वक वातावरण से होगा। आज आर्थिक लाभ होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। कार्यों में सफलता आज अवश्य प्राप्त होगी। अविवाहितों के विवाह की बात आगे बढ़ेगी।

सिंहः- आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। आचार-विचार पर संयम बरतने तथा अनैतिक कार्यों से दूर रहने की सलाह ग्रह-नक्षत्र दे रहे हैं।

कन्याः- सामाजिक दृष्टि से आज आपको यश-कीर्ति और मान-सम्मान प्राप्त होगा। आकस्मिक धन लाभ होगा। नए कार्य शुरू करने के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है।

तुलाः- आज सभी कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूर्ण कर सकेंगे। बाहरी क्षेत्रों में ख्याति मिलेगी। कार्य की व्यस्तता बनी रहेगी। परिजनों तथा मित्रों के साथ समारोह में उपस्थित हो सकते हैं।

वृश्चिकः- भाग्य आज आपका साथ अवश्य देगा। ईश्वर भक्ति और आध्यात्मिक चिंतन आज आपके मन को शांति प्रदान करेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

धनुः- आज परिवार में प्रतिकूल वातावरण आपके स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर न करें इसका विशेष ध्यान रखें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें।

मकरः- आज जीवनसाथी के साथ व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण रहेगा। मित्रों के साथ घूमने का कार्यक्रम बना सकते हैं। भाइयों एवं स्नेहीजनों के साथ सम्बंध अच्छे रहेंगे।

कुंभः- आज आपका मन चिंता मुक्त होने से राहत महसूस करेगा और आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आर्थिक लाभ और सामाजिक मान प्रतिष्ठा के अधिकारी बनेंगे।

मीनः- बुद्धि-विवेक से ही कार्य करें तभी सफलता मिलेगी। आज मन से नकारात्मक विचारों को निकाल देने की सूचना ग्रह-नक्षत्र दे रहे हैं।